## गुरुनानक देव की जयंती पर सर्व धर्म सभा आयोजित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार को गुरुनानक देव जी की जयंती पर समन्वय परिवार द्वारा सर्व धर्म सभा आयोजित कर गुरु नानक देव का स्मरण किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्व धर्म संभाव एकता स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सुनील चौहान द्वारा सुमधुर गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत भाषण सच्चिदानंद आश्रम के प्रमुख फादर एंटो द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने उद्बोधन में हरिप्रीत कोर ने नानक देव के जन्म से लेकर उनके द्वारा दिए गए उपदेश का पालन करने की बात कही। अपने उद्बोधन में चावरा विद्यापीठ के फादर शेफर्ड ने गुरु नानक जी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अजय तुलसी ने कहा कि नानक देव जी को विश्व के महान संत बताया। हेमवीर साहनी, एडवोकेट तराना खान, सीमा जेन, सहित सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्बोधित किया।समन्वय परिवार के अध्यक्ष सुधीर सिंघई,, सरदार जनरल सिंह, काकेभाई, सुबोध शर्मा एसके चतुर्वेदी सहित सभी धर्म के नागरिक उपस्थित रहे। सुधीर दुबे एवं कामिनी दुबे द्वारा शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया। चावरा विद्यापीठ के बच्चों द्वारा नानक देव जी के चरित्र पर नाटिका प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम का संचालन अतुल मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन शांति एक्का द्वारा किया गया।

## बिरसा मुंडा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर। शुक्रवार को शासन के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय जनजातीय दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती का आयोजन किया गया। कार्याक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा एवं भगवान बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संध्या कोठारी जी ने भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि उन्होने ने राष्ट्र के साथ-साथ पर्यावरण बचाने के लिए भी लोगों को जागरूक किया। इसके पश्चात कार्याक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुषमा तिवारी ने कविता के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्याक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा के कार्यो पर चर्चा करते हुए सभी को राष्ट्रीय जनजातीय दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती पर शहडोल में आयोजित कार्यक्रय का सीधा प्रसारण किया गया। इस प्रसारण में महाविद्यालय से डॉ. दीपिका चक्रवर्ती, डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, सत्यव्रत गरानायक, डॉ. मीनाक्षी सोभरि, डॉ. नन्दना शिल्पकार, डॉ. धीरज झा, सुश्री अं'ुल खरे, श्रीमती बिन्दुवाला जैन, कु. चन्द्रप्रभा नेमा, महेश चौधरी, यदुनन्दन शुक्ला, प्रतीक नेमा, श्रीमती कुंवरवती भारती, जी.एस.गोल्हानी, श्रीमती ज्योति शर्मा, कलीम खान कादरी, निकिता कोष्टी, पूरन लाल साहू, दिनेश यादव, श्रीमती ममता सोनी, श्रीमती गोदावरी बर्मन, श्रीमती ज्योति साहू, श्रीमती रितू गोयल एवं छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती लल्ला बाई लोधी एवं आभार प्रदर्शन डॉ. यतीन्द्र महोबे द्वारा किया गया।

## किसानों को तत्काल डीएपी एवं यूरिया की पर्याप्त मात्रा मिले

### युवा कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस के नेतृत्व में किसानो की विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार कलेक्टर ऑफिस नरसिंहपुर मे राज्यपाल के नाम मांग पत्र दिया । जिसमें बताया कि इस समय किसानो को यूरिया एवं डीएपी को लेकर समस्या का सामना करना पड़ता है, लेकिन शासन प्रशासन किसानो की इस समस्या का सुधारने का कोई प्रयास नहीं कर रहा है जबकि विगत चुनाव मैं बीजेपी के द्वारा किसानो के हित मैं बहुत से वादे किए गए थे परंतु चुनावों को लगभग एक साल बीतने के बाद भी किसानो की हालत मैं कोई सुधार नहीं हुआ है। किसानों की इन सब मांगों को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं पर मध्य प्रदेश सरकार का ध्यानाकर्षित कराया एवं युक्त बिन्दुओ पर ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांग की।

**ये हैं प्रमुख मांगे** -किसानो को यूरिया एवं डीएपी भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो। शुगर मिलों को तत्काल चालू किया जाए। किसानो के खेत के बिजली बिल विद्युत कंपनी द्वारा बड़ा कर दिए जा रहे है उनको काम किए जाये। विद्युत कंपनी द्वारा अनियमित बिजली कटौती को तुरन्त रोका जाए। फसल का उचित दाम मिले। उपरोक्त बिंदुओं पर विचार कर तत्काल प्रभाव में लिया जाय अन्यथा किसानों के सम्मान में कॉंग्रेस जन किसानों के साथ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूर्ण जवाबदारी प्रशासन की होगी, ज्ञापन में करेली ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष रामरतन पटेल, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव मनीष कौरव, युवा कॉंग्रेस नेता रोहित पटेल, वरिष्ट नेता गोपाल दास मरेले, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विवेक पटेल, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष ईशान राय, प्रियंक कहार, अंकुर बटरी, हर्षित रघुवंशी , कैलास रघुवंशी, रीतेश यादव, किरीट ठाकुर, सोनू गुप्ता, धीरज विश्वकर्मा, पारस रघुवंशी, मनीष मेहरा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## सार-समाचार

### शहर में बाइक चोर गिरोह सक्रिय दिनदहाड़े बाइक हो रही चोरी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत 14 नवंबर की सुबह यशवंत केवट ग्राम संगाई सब्जी मंडी आए हुये थे जिनकी बाइक स्प्लेंडर प्रो एमपी 49 एमएच 7184 को पलक झपकते ही अज्ञात चोर ले उड़े। एक बार फिर शहर में चोरियों की बारदातें बढ़ने लगी है। पीड़ित ने इसकी शिकायत गाडरवारा थाने में की है। पुलिस प्रशासन बाइक चोरी मामले को गंभीरता से लें। वैसे भी नगर में जगह जगह सीसीटीवी कैमरों लगे है। इसकी मदद लें जिससे जल्द बाइक चोर गिरोह पकड़ा जाये।

### नपा की तत्परता से बची गाय की जान

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस शांति श्री कालोनी में खुले बोरबोल पानी निकासी गड्ढे में करीब शाम को गाय घुस गई थी। गड्ढे में पानी कीचड़ होने के कारण वह निकालने में असमर्थ रही। रात्रि में स्थानीय निवासी ने जैसे ही देख तो नगर पालिका के समर्पित अधिकारी संजय श्रीवास और प्रमोद बबलू चौहान से संपर्क किया। तत्काल प्रभार से उन्होंने अपनी टीम भेजी जिन्होंने उस कीचड़ के गड्ढे में घुसकर बिना किसी अन्य जीव जंतु के डर के उस गाय को निकाला। इस कार्य की स्थानीय जनों और बच्चों ने ताली बजाकर सराहना की। इस अवसर पर नरेश रजक,दीपक प्रजापति,अशोक केवट,अर्पित राजपूत का सराहनीय योगदान रहा।

### नशा मुक्ति चौपाल में दो लोगों ने ली नशा छोड़ने की शपथ

**गाडरवारा, देशबन्धु।**विगत शुक्रवार को ग्राम कौड़िया में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी रत्नेश मिश्रा, थाना प्रभारी निरीक्षक प्रियंका केवट, उप निरीक्षक मनीषा लिल्हारे, जय गुरुदेव संस्थान, ओम शांति संस्थान,गायत्री परिवार के सदस्य एवं ग्रामजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जन संवाद एवं रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रमोद पिता अशोक विश्वकर्मा निवासी ग्राम लिलवानी एवं मनोज जाटव पिता गोठल जाटव निवासी बाजार मोहल्ला ग्राम कौड़िया ने नशा मुक्त होने की शपथ ली।

### परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह का का दौरा कार्यक्रम आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के परिवहन एवं एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह शनिवार 16 नवम्बर का दौरा कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री सिंह शनिवार 16 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से लोलरी से प्रस्थान कर प्रात: 10.45 बजे गाडरवारा आयेंगे। यहां मंत्री श्री सिंह राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद वे सायं 4 बजे गाडरवारा से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बालक वर्गीय चयन प्रक्रिया 17 को

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला क्रिकेट संघ नरसिंहपुर के द्वारा अंडर 18 बालक वर्गिकी चयन प्रक्रिया 17 नवंबर को सियाल इंटरनेशनल स्कूल खैरी नाका के मैदान पर दोपहर 2 बजे से की जावेगी जिन खिलाड़ियों की जन्म तिथि 31.8.2006 के बाद की है यह चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं वह अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लेकर मैदान पर पहुंच सकते हैं अधिक जानकारी के लिए पंकज नेम से 9425 170110 पर संपर्क कर सकते हैं।

### जिले के प्रभारी मंत्री राजपूत जिले के प्रवास पर आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण और जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत शनिवार 16 नवम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे और राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री राजपूत प्रात: 9 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे रूद्र मैदान गाडरवारा आयेंगे। वे यहां 68 वीं राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता 2024 के उदघाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर 12.55 बजे रूद्र मैदान गाडरवारा से प्रस्थान कर दोपहर एक बजे श्री मिनेन्द्र डागा के निज निवास आयेंगे। तदुपरांत मंत्री श्री राजपूत दोपहर 2 बजे गाडरवारा से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### बाल दिवस पर छात्रों को बाटे पुरस्कार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रभारी जनपद मुख्य कार्य पालन अधिकारी करेली अतिरिक्त कलेक्टर शुभम् यादव द्वारा विकासखंड करेली की शासकीय माध्यमिक शाला जोबा का अवलोकन कर बाल दिवस पर छात्र छात्राओं द्वारा खेल आयोजन में सहभागिता की एवं छात्र छात्राओं को पुरुस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। अवलोकन के दौरान जनपद शिक्षा केंद्र करेली बी आर सी प्रमेंद्र सिंह जाट, सी ए सी नितिन नारोलिया, विद्यालय से शिक्षक सुधीर तिवारी एवम् शाला परिवार उपस्थित रहे। बीआरसी प्रमेंद्र सिंह जाट द्वारा पिपरिया बड़ोदिया की शाला में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा आयोजित व्यंजन मेले का अवलोकन कर नन्हे बच्चो का उत्साह वर्धन किया।



## जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम गाडरवारा के डंगहा में आयोजित

### भगवान बिरसा मुण्डा जयंती पर शिक्षा मंत्री पहुंचे ग्राम डंगहा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देशानुसार द्वारा 15 नवम्बर 2024 को भगवान बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन गाडरवारा के ग्राम डंगहा (चांदनखेड़ा) में किया गया। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम में मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आज हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती को उत्साह से मना रहे हैं। इन कार्यक्रम के माध्यम से हम उन महान पुरूषों को याद करें, जिन्होंने हमारे देश के लिए बलिदान दिया है। हमें हमारे देश, समाज व संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिये। संस्कृति की रक्षा करने में जनजातीय समुदाय का अहम योगदान है। सरकार इन महापुरुषों के द्वारा स्थापित मूल्यों और आदर्शों को लोगों के सामने लाने के लिए सदैव तत्पर है। सरकार शहर के विकास के साथ साथ अब गाँव के विकास पर भी समान रूप से ध्यान दे रही है। गावों को जोड़ने वाली बारहमासी सड़कों का नेटवर्क, बिजली, पेयजल, शिक्षा जैसी सुविधाएँ दी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में जरूरी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लिए शामिल किया गया है। इसमें बुनियादी ढांचा विकसित करना, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य जीवन एवं गरिमापूर्ण वृद्धावस्था को लक्षित किया गया है।

कार्यक्रम में मौजूद जनजातीय समुदाय के लोगों से हुए संवाद में मंत्री श्री सिंह ने कहा कि डंगहा में भव्य एवं आकर्षक मैरिज भवन बनाया जाएगा।इसके लिए 30 लाख रुपये देने की घोषणा की। मंत्री श्री सिंह और अन्य अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा स्थापना के लिए भूमिपूजन भी किया। ग्रामीणों द्वारा चबूतरा निर्माण की माँग भी मंत्री श्री सिंह के समक्ष रखी। जिस पर मंत्री श्री सिंह ने 2 लाख 51 हज़ार रुपये देने की स्वीकृति दी। इसके अलावा ग्रामीणों ने यहाँ हाई स्कूल खोले जाने और डंगहा को ग्राम पंचायत दर्जा दिलाये जाने की भी बात कही।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यहाँ विद्यार्थियों की संख्या निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होने पर हाई स्कूल भी खोल दिया जाएगा। शिक्षा विभाग के अमले को इसके लिए सर्वे कराने के लिए मंच से निर्देशित किया।ग्राम पंचायत बनाये जाने के लिए ग्रामीणों की सर्वसम्मति से प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। बेहतरीन तरीक़े से मंच संचालन करने पर मंत्री श्री सिंह ने दुर्गेशनंदिनी की तारीफ़ भी की।कार्यक्रम के पहले मंत्री श्री सिंह का स्वागत बालिकाओं द्वारा किया गया।

## प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में नरसिंहपुर रहा अव्वल



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** भारत विकास परिषद महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित प्रांतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता गोल बाजार स्थित दत्त भजन मंडल सभागार जबलपुर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में महाकौशल प्रांत की नरसिंहपुर, वारासिवनी, दमोह, हटा,जबलपुर, करेली, गोटेगांव मंडला सहित 9 टीमों ने अपनी सहभागिता दी। गीत गायन प्रतियोगिता में सभी टीमों के छात्र-छात्राओं द्वारा हिंदी गीत, संस्कृत गीत एवं लोकगीत विशुद्ध भारतीय संगीत वाद्य यंत्रों के माध्यम से बड़े ही मनमोहक ढंग से अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी गई. जिसमें संपूर्ण सभागार राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य रीज़न के रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश स्थापक, इंजीनियर कौस्तुभ वर्मा,सुनील लवंगिकर एवं अध्यक्ष संजय तिवारी रहे। समापन सत्र के मुख्य अतिथि कुलपति महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुरश्री आर सी मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि रीजनल सेक्रेटरी ( पर्यावरण ) इंजीनियर जितेंद्र कुलकर्णी,आशुतोष वर्मा एवं पवन पाठक रहे।

**ऐसे रहे परिणाम** - हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता प्रथम स्थान चाणक्य हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर द्वितीय स्थान गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल दमोह, संस्कृत गीत गायन प्रतियोगिता- प्रथम स्थान चाणक्य हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर द्वितीय स्थान भारत ज्योति विद्यालय मंडला, लोकगीत गायन- प्रथम स्थान चाणक्य हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर द्वितीय स्थान गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल दमोह, चाणक हायर सेकेंडरी स्कूल नरसिंहपुर की टीम रीजनल प्रतियोगिता हेतु चयनित की गई। रीजनल प्रतियोगिता में 6 प्रांतों की टीम अपनी सहभागिता देंगींद्वप्रतियोगिता नरसिंहपुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में 17 नवंबर को संपन्न होगी।

## समापन कथा में महाराज का अभिनंदन



**करेली, देशबन्धु।** तपोनिष्ठ संत, नर्मदापुत्र, परम पूज्य सदगुरुदेव स्वामी महाराज हीरापुर वालों की प्रेरणा से श्री राजराजेश्वरी शिष्य परिवार करेली द्वारा पुरानी गल्ला मंडी करेली में नगर के नेमा सेठ परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सिद्ध मांगरोल बापौली धाम से पधारे परम पूज्य संत, अनंत श्री विभूषित, महामंडलेश्वर, गुरुदेव ब्रह्मचारी महाराज कथा की संपन्नता दिवस गुरुवार को अभिनंदन, पादुका पूजन किया गया। समापन दिवस की कथा के प्रारंभ में श्री राजराजेश्वरी शिष्य परिवार के उपस्थित सेवकों ने पूज्य महाराज श्री का श्री नर्मदा जी के चित्र, शाल, श्रीफल, पुष्पमाला, भेंट राशि से श्री चरणों का अभिनंदन किया।

इस दौरान श्री राजराजेश्वरी भक्त मंडल के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, कोदूलाल पटेल, जगदीश मिश्रा, विजय नेमा, राजेश चौरसिया, राजीव खजांची, विनोद अग्रवाल, अनिल पालीवाल, आशीष अग्रवाल, पराग नेमा, संतोष पटेल, शैलेष गुप्ता शैलू, हरिओम ममार, उमाशंकर अग्रवाल गुल्ले, प्रदीप करैया, कमलेश चौरसिया, अतुल नेमा, मयंक पालीवाल, घनश्याम राय, उमेश रघुवंशी, महेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। कथा प्रवचन में श्री ब्रह्मचारी जी ने कहा कि साध्य से साधन बलवान होता है, जीवन मुक्त पुरुष ही भगवत भक्ति में मन लगाया करते हैं, विषयों की प्रबलता होने पर ईश्वर चिंतन में मन नहीं लगता। यह जगत जाग्रत स्वप्न है, मात्र ईश्वर ही सत्य है। कहा कि सप्त दिवसीय कथा षठचक्र का भेदन कर सातवें चक्र सहस्त्रार में प्रवेश कर जाती है, यहीं साथ गांठों का खुलना है। चेतना परमात्मा में प्रवेश कर जाती है, इंद्रियों की क्रिया चित्त के पटल पर सदैव के लिए अंकित हो जाती है। प्राण सर्वयत्र स्वतंत्र सत्ता है। आप 21600 बार श्वास, प्रश्वांस लेते हो, भक्ति के द्वारा अंतर्यात्रा को शुरू करो। भगवन्नाम, जप, गायन में सदा रुचि रखना चाहिए, इससे आत्मदर्शन, फिर प्रभु दर्शन संभव है। एकाकार होने की वृत्ति होना, रुचि की परिपक्वता से रति बन जाती है, फिर परमात्मा में मन लगने लगता है, प्रभु की कथा में आनंद आने लगता है। दूसरे के आश्रय में जीव जब तक चलेगा, तब तक भटकता ही रहेगा, भगवत चरणों का आश्रय ही श्रेष्ठ है। कथा की संपन्नता के उपरांत आज शुक्रवार 15 नवंबर को दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया है।

## बाल मेले में रही छात्र-छात्राओं की धूम



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** बाल दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बाल मेला का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जालम सिंह पटैल पूर्व राज्य मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि नीरज दुबे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रहे। कार्यक्रम में अजीत ठाकुर नगर पालिका , सुषमा तिवारी पार्षद, रानी चौधरी पार्षद, समाजसेवी डॉ. अनंत दुबे, मूलचंद्र यादव, अधिवक्ता चौधरी जोगेन्द्र सिंह, दिलीप सिंह पटैल सेवानिवृत्त तहसीलदार, एन.के. वैष्णव, व्ही.पी. मालवीय , सुभाष नेमा, एस.के. चतुर्वेदी, जी के नायक, दीपक अग्निहोत्री, मनीष कटारे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ। अतिथि स्वागत उपरांत मध्य प्रदेश शासन की निशुल्क सायकिल योजना अंतर्गत विद्यालय के 10 छात्र एवं 10 छात्राओं को सायकिल का वितरण किया गया। तत्पश्चात मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्रावास में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं सुलेख, चित्रकला, आर्ट ऐण्ड क्राफ्ट, वेस्ट कागज और प्लास्टिक मटेरियल से उपयोगी सामग्री का निर्माण इत्यादि में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गये।

बाल मेले में छात्र-छात्राओं के द्वारा कुल 22 स्टॉल लगाए गये थे।

## 68वीं 17 आयु वर्ग में बालक-बालिका राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**गाडरवारा, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में 68 वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता 2024- 25 का उदघाटन समारोह 16 नवंबर को दोपहर 12 बजे स्थानीय पुराना कॉलेज स्थित रूद्र मैदान में आयोजित किया जायेगा। उदघाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत होंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह करेंगे।

समारोह मे लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, पूर्व विधायक नरेश पाठक, साधना स्थापक विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि 20 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के सभी मान्यता प्राप्त प्रदेशों (इकाईयों) के लगभग 672 प्रतिभागी, खिलाड़ी एवं 140 ऑफीशियल्स भाग लेंगे। आयोजन समिति ने गणमान्य नागरिकों, खेलप्रेमियों एवं पत्रकार बंधुओ से समारोह मे उपस्थित होने की अपील की है।

### टीमों का हो रहा भव्य स्वागत

16 नवंबर से शुरू होकर 20 नवंबर तक आयोजित होने वाली 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता मे सहभागिता हेतु देश के राज्यों से टीमों का आगमन निरंतर जारी है। नगर मे रेल मार्ग एवं सड़क मार्ग से टीमे आ रही है जिनका रेल्वे स्टेशन एवं शक्कर नदी पुल पर ढ़ोल बाजे एवं फूल मालाओं द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं आयोजन समिति से जुड़े कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया जा रहा है एवं उन्हें बसों द्वारा सुरक्षित उनके आवास स्थलों तक पहुँचाया जा रहा है। नगर मे अभी तक त्रिपुरा, मणिपुर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पांडीचेरी, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, मप्र, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, तमिलनाडु सहित अनेक राज्यों की टीमे आ चुकी है शेष टीमे शुक्रवार की रात तक आ जायेंगी। टीमों की आवास व्यवस्था बालक वर्ग हेतु शिवाजी स्कूल, दक्ष स्कूल, नूपुर कान्वेंट, शिवा इंटरनेशनल,शारदा विद्यापीठ,आदित्य पब्लिक स्कूल, क्राइस्ट चर्च कान्वेंट एवं बालिका वर्ग हेतु न्यू एज, न्यू एरा, रेनवो, क्रेयान, काबरा एवं टैगोर विद्या निकेतन स्कूल मे की गई है।

### स्कूल शिक्षा मंत्री ने लिया व्यवस्था का जायजा

बीते शुक्रवार को प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने स्थानीय पुराना कॉलेज के पास रूद्र मैदान पहुँचकर 16 नवंबर से प्रारंभ होकर 20 नवंबर तक आयोजित होने जा रही 68 वी राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारियो का जायजा लिया। उन्होने मैदान एवं मंच का अवलोकन कर अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने छात्र छात्राओं के रुकने हेतु आवास व्यवस्था सहित प्रतियोगिता से संबंधित अन्य व्यवस्थाओ से जुडी जानकारी भी ली एवं कहा कि गाडरवारा मे पहली बार राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता बड़ा आयोजन हे जिसमें देश के राज्यों से छात्र छात्राएँ, कोच, मैनेजर सहभागिता करेंगे। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मिल जुलकर आपसी तालमेल से बेहतर कार्य करते हुए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं दें एवं प्रतियोगिता संपन्न कराएं। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि गण, भाजपा नेता गण एवं एसडीमएम श्रीमती कलावती ब्यारे, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल ब्योहार एवं स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के उल्लेखनीय प्रयासों से हो रहा है। आयोजन हेतु जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के द्वारा अधिकारियो एवं कर्मचारियो की विभिन्न समितियों मे ड्यूटी लगाई गई है ।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए